# प्रीलिम्स फैक्ट्स: 29 जून, 2020

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
- संकल्प पर्व
- डॉ. जोसफ मार थोमा मेट्रोपोलिटिन
- राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस-2020
- एचएएम रेडियो

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

## DEPARTMENT OF SCIENCE AND TECHNOLOGY

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) के सचिव ने 'विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग' (Department Of Science And Technology) के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती स्मरणोत्सव वर्ष मनाने के लिये आधिकारिक लोगो लॉन्च किया।

### प्रमुख बिंदु:

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) की स्थापना 3 मई, 1971 को हुई थी।
- DST विभिन्न गतिविधियों जैसे- व्याख्यान श्रृंखला, प्रकाशनों, वृत्तचित्रों को जारी करना, DST के तहत भारतीय सर्वेक्षण के विकिपीडिया पृष्ठ को अपडेट करना आदि के साथ 3 मई, 2020 से 2 मई, 2021 की अवधि के दौरान स्वर्ण जयंती स्मरणोत्सव वर्ष की समीक्षा कर रहा है।
- DST भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Ministry of Science and Technology) के तहत कार्य करता है।

### DST का लक्ष्य:

- भारत सरकार के इस विभाग का लक्ष्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों को बढ़ावा देना है। यह भारत में वैज्ञानिक एवं तकनीकी गतिविधियों को व्यवस्थित, समन्वित करने एवं बढ़ावा देने वाला नोडल विभाग है।

उल्लेखनीय है कि DST भारत में विभिन्न स्वीकृत वैज्ञानिक परियोजनाओं के लिये धन भी प्रदान करता है। यह विदेशों में होने वाले सम्मेलनों में भाग लेने तथा प्रायोगिक कार्यों के लिये भारत में शोधकर्त्ताओं का समर्थन करता है।

---

## संकल्प पर्व

# Sankalp Parva

प्रधानमंत्री के आह्वान पर संस्कृति मंत्रालय (Ministry of Culture) पेड़ लगाने के लिये 28 जून से 20 जुलाई, 2020 तक **'संकल्प पर्व'** (Sankalp Parva) मनाएगा।




## प्रमुख बिंदु:

- संस्कृति मंत्रालय यह अपेक्षा रखता है कि इस दौरान उसके सभी अधीनस्थ कार्यालय, अकादमी, संलग्न संस्थान, संबद्ध संस्थान अपने-अपने परिसरों में या उसके आसपास ही जहां भी संभव हो वहाँ अवश्य ही पेड़ लगाएंगे।
- संस्कृति मंत्रालय ने उन पाँच पेड़ों को प्राथमिकता दी है जिन्हें प्रधानमंत्री द्वारा रेखांकित किया गया है और जो देश की जड़ी-बूटी संबंधी विरासत का सटीक प्रतिनिधित्व करते हैं। ये पेड़ हैं- (i) बरगद (ii) आंवला (iii) पीपल (iv) अशोक (v) बेल।
- संस्कृति मंत्रालय से संबंधित संगठनों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि इन पाँच पेड़ों को लगाने के अलावा प्रत्येक कर्मचारी अपनी पसंद के भी कम-से-कम एक पेड़ अवश्य लगाए। इसके साथ ही संस्थानों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिये कि कर्मचारी पूरे वर्ष अपने द्वारा लगाए गए पौधे की देखभाल करे ताकि वह सदैव सुरक्षित एवं फलता-फूलता रहे।

---

# डॉ. जोसफ मार थोमा मेट्रोपोलिटन

# Dr. Joseph Mar Thoma Metropolitan

प्रधानमंत्री ने श्रद्धेय डॉ. जोसेफ मार थोमा मेट्रोपोलिटन (Dr. Joseph Mar Thoma Metropolitan) के 90वें जन्मदिन समारोह को संबोधित किया।

## प्रमुख बिंदु:

- मलंकरा मार थोमा सीरियन चर्च (Malankara Mar Thoma Syrian Church) जिसे मार थोमा चर्च (Mar Thoma Church) के रूप में भी जाना जाता है, केरल में प्राचीन एवं स्वदेशी चर्चों में से एक है।
    - परंपरागत रूप से यह माना जाता है कि ईसा मसीह के एक शिष्य सेंट थॉमस ने 52 ईस्वी में भारत आकर इस चर्च की स्थापना की थी।
- वर्तमान में इस चर्च के प्रमुख 21वें मलंकरा मेट्रोपोलिटन परम श्रद्धेय डा. जोसेफ मार थोमा हैं, जिन्होंने पिछले 13 वर्षों से चर्च का नेतृत्व किया है।
- मार थोमा चर्च ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान और उसके बाद आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक मूल्यों एवं राष्ट्रवाद की भावना को बरकरार रखा है।
- यह चर्च विभिन्न सामाजिक कल्याण संस्थानों, निराश्रित घरों, अस्पतालों, कॉलेजों, स्कूलों एवं तकनीकी संस्थानों का संचालन करता है।
- उल्लेखनीय है कि भूकंप, बाढ़, सुनामी जैसे संकटों के दौरान चर्च ने विभिन्न राज्यों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों में भाग लिया है।

---

# राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस-2020

# National Statistics Day-2020

रोज़मर्रा के जीवन में सांख्यिकी के उपयोग को लोकप्रिय बनाने के लिये भारत सरकार प्रत्येक वर्ष 29 जून को **राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस** (National Statistics Day) मनाती है और लोगों को इस बात के लिये जागरूक करती है कि सांख्यिकी,नीतियों को आकार देने में किस तरह मदद करती है।




## थीम:

- इस दविस की थीम 'SDG-3 (स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करना एवं सभी उम्र के लोगों के कल्याण को बढ़ावा देना) एवं SDG-5 (लैंगिक समानता प्राप्त करना तथा सभी महिलाओं एवं लड़कियों को सशक्त बनाना)' है।

## प्रमुख बिंदु:

- इस वर्ष वैश्विक स्तर पर COVID-19 महामारी के कारण यात्रा एवं सुरक्षा नियमों के मद्देनज़र राष्ट्रीय सांख्यिकी दविस-2020 को वर्चुअल रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।
- इस आयोजन की अध्यक्षता भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (Ministry of Statistics and Program Implementation) के केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) करेंगे।
- यह दविस 29 जून को **प्रो. पी. सी. महालनोबिस** की जयंती पर राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली (National Statistical System) की स्थापना में उनके अमूल्य योगदान को मान्यता देते हुए मनाया जाता है।
- प्रो. पी. सी. महालनोबिस प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक एवं सांख्यिकीविद् थे। सामाजिक-आर्थिक नियोजन व सरकारी क्षेत्र में सांख्यिकी के महत्त्व को लेकर उनके योगदान की याद में उनका जन्मदिन सांख्यिकी दविस के रूप में मनाया जाता है।
- वर्ष 2019 में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने केंद्र सरकार, राज्य सरकारों एवं संस्थानों में आधिकारिक सांख्यिकीविदों के असाधारण योगदान के सम्मान में **प्रो. पी. सी. महालनोबिस राष्ट्रीय आधिकारिक सांख्यिकी पुरस्कार** (Prof. P.C. Mahalanobis National Award in Official Statistics) नामक एक नए पुरस्कार की घोषणा की।
  - इस वर्ष आयोजित होने वाले समारोह के दौरान प्रो. पी. सी. महालानोबिस राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता को सम्मानित किया जाएगा।
- इस समारोह के दौरान सतत् विकास लक्ष्यों-राष्ट्रीय संकेतक संरचना (National Indicator Framework- NIF) रिपोर्ट- 2020 (संस्करण 2.1) पर रिपोर्ट का अद्यतन संस्करण जारी किया जाएगा। इस रिपोर्ट के साथ-साथ 29 जून, 2020 को भारतीय सांख्यिकी सेवा संवर्ग प्रबंधन पोर्टल (Indian Statistical Services Cadre Management Portal) भी लॉन्च किया जाएगा।

## महत्त्व:

- उल्लेखनीय है कि इस समारोह से सामाजिक-आर्थिक योजना निर्माण एवं नीति निर्माण में सांख्यिकी की भूमिका के बारे में आम लोगों विशेष रूप से युवा पीढ़ी में जागरुकता बढ़ेगी।

---

# एचएएम रेडियो

# HAM Radio

एचएएम रेडियो (HAM Radio) जिसे **एमेच्योर रेडियो** (Amateur Radio) भी कहा जाता है, एक लोकप्रिय शौक एवं सेवा है जो लोगों तथा 'इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार' को एक मंच पर साथ लाता है।

## प्रमुख बिंदु:

- एचएएम रेडियो रियल टाइम संचार नेटवर्क (Real-Time Communication Network) है।
- यह पुलिस एवं नागरिक अधिकारियों द्वारा उपयोग किये जाने वाले वायरलेस संचार की तरह है। यह त्वरित रूप से कार्य करने वाली पारदर्शी प्रणाली है।
- इंटरनेट या सेलफोन के बिना इससे संबंधित लोग पूरे शहर में या यहाँ तक कि अंतरिक्ष में भी बात करने के लिये एचएएम रेडियो का उपयोग करते हैं।
- यह सामाजिक, शैक्षिक तथा लोगों के मनोरंजन से संबंधित है और ज़रूरत के समय यह लोगों के जीवन के लिये उपयोगी भी हो सकता है।
- इस रेडियो स्टेशन को कहीं भी (घर, मैदान, क्लब आदि) स्थापित किया जा सकता है।
- एचएएम रेडियो, संयुक्त राज्य अमेरिका की एबीसी टेलीविजन शृंखला 'लास्ट मैन स्टैंडिंग' (Last Man Standing) में टिम एलन (Tim Allen) द्वारा अभिनीत कहानी का हिस्सा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-facts-29-june-2020